an>

title: Need to construct National Highway No. 75 in Satana Parliamentary Constituency in Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के भूतल परिवहन मंत्रालय का ध्यान मध्य प्रदेश की बहुत महत्वपूर्ण सड़क की तरफ दिलाना चाहता हूं।...(व्यवधान) छतरपुर से खुजराहो, खुजराहो से पन्ना, पन्ना से सतना, बेला, सीधी और सिंगरौली के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-75 है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आते हैं। यहां बहुत बड़ा पर्यटन स्थल है।...(व्यवधान) यहां कई नेशनल पार्क हैं। सतना में वाइट टाइगर सफारी हैं।...(व्यवधान) बड़ी संख्या में बाहर से लोग आते हैं, लेकिन चार साल पहले सड़क के निर्माण की घोषणा हुई थी। ठेकेदार ने वहां काम शुरू किया और आधा-अधूरा छोड़ दिया। गढ्डों में पूरी सड़क तबदील हो गई है। वहां भयंकर धूल उड़ रही है। लोग बीमार हो रहे हैं।

मेरी आपके माध्यम से भूतल परिवहन मंत्रालय से मांग है कि उस सड़क का तत्काल निर्माण कराया जाए और दोषी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाए।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री गणेश सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।